तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सुनिल पंवार **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353621964952941	
11/09/25	अपीलार्थी सुनिल पंवार निवासी प्लॉट नम्बर 47 सेक्शन 7, ऐक्सटेन्शन एनपीएच रोड़, जोधुपर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 15.08.2025 को जिलास्तर पर उपलब्ध जाति प्रमाण पत्र रिकॉर्ड (1950 से अब तक) में "पिपावंशी" के नाम दर्ज प्रविष्टियों की प्रमाणित प्रतियां एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 878 दिनांक 20.08.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी को दिनांक 19.08.2025 को ऑनलाईन सूचित किया जा चुका है कि प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत चाही गई सूचना किस कार्यालय/विभाग से संबंधित है का अंकन नही किया गया एवं सूचना से संबंधित कोई दस्तावेज भी संलग्न नही किया गया व प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना अतिवृहद है, जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 7(9) के अंतर्गत दिया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.09.11 16:46:19 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.:
17714397